फर्द अहकाम

अज अदालत संभागीय आयुक्त जोधपुर

अनवान मोयब अली पुत्र सुरतानखॉ बनाम अलफ पुत्र इस्माईल वगैराह

किस्म मुकदमा राजस्व अपील अन्तर्गत धारा 76 राज0 भू राजस्व अधिनियम संख्या 834/2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.06.2026	पत्रावली आज पेश हुई। अपीलान्टगण के विद्वान अधिवक्ता एवं रेस्पो0 संख्या 1, 3 के विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित है। अपीलान्ट के अधिवक्ता के द्वारा आज दिनांक 13.01.2026 को एक प्रार्थना पत्र बाबत विड्रोल करने अपील, पेश करते हुए यह कथन किया गया कि अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्टस के मध्य लोक अदालत की भावना से एवं समाज के मौजिज लोगों की समझाईश से राजीनामा हो गया है। जिस कारण अपीलार्थी उक्त अपील आगे नहीं चलाना चाहते है अपीलार्थी अब उक्त अपील विड्रोल करना चाहता हैं। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि उक्त अपील जरिये विड्रोल खारिज फरमाई जावें। अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का बगौर अवलोकन किया गया उसमें अंकित तथ्यो पर गहनता से मनन, चिन्तन किया गया। अपीलान्टगण के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा दिनांक 13.01.2026 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत विड्रोल करने अपील को लोक अदालत की भावना से स्वीकार किया जाकर अपील के गुणावगुण पर विचार किये बिना इस अपील को इसी स्तर पर निस्तारण करते हुए अपील जरिये विड्रोल खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय का मूल रेकर्ड लौटाया जावे। सम्भागीय आयुक्त, जोधपुर	

न्यायालय सम्भागीय आयुक्त जोधपुर